
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
Friends!
We used TESTZONE
and cracked Bank exams
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
It's your turn now
Take a FREE mock test
Smartkeeda
The Question Bank

# Samas Vigrah Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Samas Vigrah Quiz 7

**दिशानिर्देश: निम्नलिखित शब्दों के साथ पांच विकल्प दिए गए हैं। बताइएये की विकल्पों में से कौन दिए शब्द का सही समास है?**

**1. प्रतिकूल**
A. अव्ययीभाव समास
B. द्विगु समास
C. कर्मधारय समास
D. बहुब्रीहि समास
E. इनमे से कोई नही

**2. राजपुत्र**
A. अव्ययीभाव समास
B. तत्पुरूष समास
C. द्विगु समास
D. बहुब्रीहि समास
E. इनमे से कोई नही

**3. महापुरूष**
A. द्विगु समास
B. तत्पुरूष समास
C. अव्ययीभाव समास
D. कर्मधारय समास
E. इनमे से कोई नही

**4. दशानन**
A. तत्पुरूष समास
B. द्विगु समास
C. बहुब्रीहि समास
D. द्वन्दव समास
E. इनमे से कोई नही

**5. तिरंगा**
A. बहुब्रीहि समास
B. द्विगु समास
C. तत्पुरूष समास
D. अव्ययीभाव समास
E. इनमे से कोई नही

**6. पाप-पुण्य**
A. द्विगु समास
B. द्वन्दव समास
C. बहुब्रीहि समास
D. अव्ययीभाव समास
E. इनमे से कोई नही

**7. सुख-दुख**
A. अव्ययीभाव समास
B. द्वन्दव समास
C. द्विगु समास
D. बहुब्रीहि समास
E. इनमे से कोई नही

**8. रसभरा**
A. बहुब्रीहि समास
B. करण तत्पुरूष समास
C. द्विगु समास
D. अव्ययीभाव समास
E. इनमे से कोई नही

**9. यथासंभव**
A. द्विगु समास
B. तत्पुरूष समास
C. अव्ययीभाव समास
D. बहुब्रीहि समास
E. इनमे से कोई नही

**10. ग्रामवास**
A. द्विगु समास
B. अधिकरण तत्पुरूष समास
C. अव्ययीभाव समास
D. बहुब्रीहि समास
E. इनमे से कोई नही

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | D | C | B | B | B | B | C | B |

**Explanation:**

**1.** प्रतिकूल = प्रति + कूल
जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो, और उसी का अर्थ प्रधान (important) हो, उसे **अव्ययीभाव समास** कहते है।
अत: यह **अव्ययीभाव** समास का उदाहरण है।
**उदा:-** यशाशक्ति = यथा + शक्ति
'यथाशक्ति' अर्थात शक्ति के अनुसार।
**Trick:-** पहला पद प्रधान होता है।
अतः विकल्प **A** सही चयन है।

**2.** 'राजपुत्र' अर्थात राजा **का** पुत्र
दो पदो के बीच कारक चिन्हों का लोप (hide) हो जाता है।
अत: यह **तत्पुरूष** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** गंगाजल = गंगा **का** जल
**Trick:-** यहा **का** कारक चिन्ह लोप हुआ है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

**3.** 'महापुरूष' अर्थात महान है जो पुरूष
जो समास विशेषण- उपमेय-उपमान से मिलकर बनते है, उन्हे कर्मधारय समास कहते है।
अत: यह **कर्मधारय** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** 'कमलनयन' अर्थात कमल के समान नयन।
**Trick:-** 1) दुसरे पद की तूलना होती है।
2) विग्रह करने पर बीच(मध्य) **मे है जो, के समान** आते है।
अतः विकल्प **D** सही चयन है।

Smartkeeda The Question Bank

**4.** 'दशानन' अर्थात दस है आनन (सिर) जिसके अर्थात रावण।
नीलकंठ = नीला है कंठ जिसका (शंकर जी)
इसमे दोनों पद किसी अन्य अर्थ को व्यक्त करते है।
अत: यह **बहुब्रीहि** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-**'पंचानन' अर्थात पांच हैं मुख जिनके (शंकर जी)।
**Trick:-** कोई पद प्रधान नही है। दोनो पद मिलकर तीसरे की ओर संकेत करते है।
विग्रह करने पर तीसरा अर्थ निकलता है।
अतः विकल्प **C** सही चयन है।

**5.** 'तिरंगा' अर्थात तीन रंगो का समुह।
इस समास का पहला पद संख्यावाचक होता है।
अत: यह **द्विगु** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** 'त्रिकोण' अर्थात तीन कोणों का समुह
'चौराह' अर्थात चार रास्तों का समाहार।
**Trick:-** जिस समास का पहला पद संख्यावाचक होता है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

**6.** ‘पाप-पुण्य’ अर्थात पाप व पुण्य।
इस समास मे दो पद होते है दोनो ही पद प्रधान (important) होते है।
इसका विग्रह करने के लिए (और, एवं, तथा, या, अथवा) शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
अत: यह **द्वन्दव** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** ‘नर – नारी’ = नर और नारी।
**Trick:-** द्वन्दव समास में दोनों पद समान होते है।
विग्रह करने पर ‘और’ ‘अथवा’ ‘या’ ‘एवं’ लगता है, दोनों शब्द एक दूसरे के उलट होते है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

**7.** ‘सुख-दुख’ अर्थात सुख और दुख।
इस समास मे दो पद होते है दोनो ही पद प्रधान (important) होते है।
इसका विग्रह करने के लिए (और, एवं, तथा, या, अथवा) शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
अत: यह **द्वन्दव** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** ‘हानि-लाभ’ अर्थात हानि या लाभ।
**Trick:-** द्वन्दव समास में दोनोंपद समान होते है।
विग्रह करने पर ‘और’ ‘अथवा’ ‘या’ ‘एवं’ लगता है, दोनों शब्द एक दुसरे के उलट होते है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

**8.** ‘रसभरा’ अर्थात रस **से** भरा।
इसमे  पद का लोप हुआ है। अत: यह तत्पुरूष के कुल 6 प्रकारो मे से दुसरा प्रकार है।
अत: यह **करण तत्पुरूष समास** का उदाहरण है।
**उदा.:-**‘मनचाहा’ अर्थात मन से चाहने वाला।
**Trick:- से** का लोप होता है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

**9.** ‘यथासंभव’ अर्थात यथा + संभव।
जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो, और उसी का अर्थ प्रधान (important) हो, उसे **अव्ययीभाव समास** कहते है।
अत: यह **अव्ययीभाव** समास का उदाहरण है।
**उदा.:-** प्रतिदिन अर्थात प्रत्येक दिन (प्रति + दिन)
**Trick:-** पहला पद प्रधान होता है।
अतः विकल्प **C** सही चयन है।

**10.** इसमे "का" पद का लोप हुआ है। अत: यह तत्पुरूष के कुछ 6 प्रकरो मे से छठा प्रकार है।
अत: यह **अधिकरण तत्पुरूष समास** का उदाहरण है।
**उदा.:-**‘नगरवास’ अर्थात नगर में वास।
**Trick:- में** इस का लोप होता है।
अतः विकल्प **B** सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW